जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेसविज्ञप्ति दिनांक 24.02.2023

थाना कांधला

थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई ट्यूबवैल से चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामदः-

आज दिनांक 24.02.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा ग्राम गंगेरू के जंगल में हुई ट्यूबवैल से तार व स्टार्टर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 चोरों को चोरी के केबिल, स्टार्टर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो दिनांक 23.02.2023 को कुलदीप पुत्र रमेश चन्द निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला द्वारा उसके ट्यूबवैल से स्टार्टर व केबिल चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.आरीफ पुत्र महमूद उर्फ मूदा निवासी ग्राम गढीदौलत थाना कांधला जनपद शामली।
2.शाहीन पुत्र जाहिद निवासी गढीदौलत थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी की गई केबिल 12 किग्रा (एल्यूमीनियम व तांबा)
2.स्टार्टर-01 (ऊषा कम्पनी)

आपराधिक इतिहास अभि0 आरीफ उपरोक्तः-

1.मु0अ0सं0 70/23 धारा 379/411 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।

आपराधिक इतिहास अभि0 शाहीन उपरोक्त

1.मु0अ0सं0 545/19 धारा 135 वि0अधि थाना कांधला जनपद शामली।
2.मु0अ0सं0 70/23 धारा 379/411 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.निरीक्षक श्री नेत्रपाल सिंह थाना कांधला जनपद शामली।
2.उ0नि0 श्री पवन थाना कांधला जनपद शामली।
3.हे0का0 संजीव कुमार थाना कांधला जनपद शामली।
4.का0 आशुतोष कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

UREA